आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.01.2026 **11:00 बजे**

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिम केयर योजना के तहत सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्राइवेट वार्ड में इलाज की अनुमति प्रदान की जाएगी। शिमला में मुख्यमंत्री सहारा योजना और हिमकेयर योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने सहारा योजना के लाभार्थियों को हिम परिवार पोर्टल से जोड़ने और हिम केयर योजना के तहत विभिन्न मापदंडों व बजट के बारे आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

जी राम जी

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक–2025 को केंद्र सरकार ने हाल ही में स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के किसानों का कहना है कि विकसित भारत–जीराम जी अधिनियम जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा वहीं भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी।

जगत सिंह

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब व उपेक्षित वर्गों के साथ तत्परता के साथ खड़ी रही है और इनके उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। किन्नौर जिला की सांगला वैली की ब्रुआ पंचायत में बौद्व मंदिर भवन और पंचायत भवन के उद्वघाटन अवसर पर उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को सी.बी.एस.ई बोर्ड में परिवर्तित किया जा रहा है जिसनमें भावानगर, सांगला, रिकांगपिओ व कानम के विद्यालय भी शामिल हैं।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर करवाने के संबंध में कल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रोमेश वर्मा की अदालत इस मामले पर सुनवाई कर रही है। इस मामले पर आज भी सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने प्रदेश में डिजास्टर एक्ट लागू होने के चलते छह महीने तक चुनाव करवाने से इनकार किया था।

राफ्टिंग प्रशिक्षण

कुल्लू के पीरड़ी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण व खेल संस्थान में राष्ट्रीय साहसिक शिविरों में अभी तक इस वर्ष एक हज़ार छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा यहां स्थानीय राफ्टिंग गाइड्स भी तैयार किए गए हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

कुल्लू के पिरड़ी में स्थित अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण एवं राफ्टिंग प्रशिक्षण संस्थान में लगाए गए साहसिक शिविरों में इस वर्ष 1000 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा स्थानीय राफ्टिंग गाईड्स भी तैयार किए गए हैं। अटल विहारी पर्वतारोहण संस्थान देश के सभी राज्यों के पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन गतिविधियों की ट्रेनिग देता है। इस केंद्र में अभी तक 90 ऐसे गाइड तैयार किए गए हैं जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार कमा रहे है। इस संस्थान से ट्रेनिंग कर काफी संख्या में स्थानीय युवा पर्यटकों से राफ्टिंग करवा कर अच्छी खासी आय अर्जित कर रहे है। प्रदेश सरकार के इस उपक्रम उपक्रम में देश भर के छात्र–छात्राओं को जल क्रीड़ा, आपदा प्रबंधन ,राफ्टिंग, कयाकिंग इत्यादि गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा यहां पर प्रोफेशनल ट्रेनिंग कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं जहां देश भर के युवा यहां पहुंचते हैं।

आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।

एनआईएफटी – तिथि विस्तार

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान –एन.आई.एफ.टी ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 13 जनवरी कर दिया है। वस्त्र मंत्रालय ने बताया कि कम शुल्क का लाभ अधिक से अधिक उम्मीदवारों तक पहुंचाने के लिए तिथि बढ़ाई गई है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है जबकि पिछले कल ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी हुई है। प्रदेश के निचले जिलों ऊना, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के कई क्षेत्रों में सुबह–शाम घना कोहरा पड़ रहा है जिससे कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। हालांकि दिन के समय धूप निकलने से ठंड से कुछ राहत मिल रही है। प्रदेश के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है जबकि निचले व मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।